छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया गया

चर्चा में क्यों ?

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने राज्य विधानसभा में **2024-25 के लिये 1,47,446 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया।**

मुख्य बिंदु:

- बजट **ज्ञान-गरीब (गरीब), युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला) के आर्थिक विकास पर केंद्रित** है, इसमें पूंजीगत व्यय में वृद्धि करके बुनियादी ढाँचे के विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ युवाओं के लिये रोज़गार तथा आजीविका को बढ़ावा दिया गया है।
- राज्य को **विकासशील से विकसित राज्य** में बदलने के उद्देश्य से 1 नवंबर, 2024 को **'अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विज़न @2047'** नामक एक दस्तावेज़ लोगों को समर्पित किया जाएगा।
  - सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) अगले पाँच वर्षों में वर्ष 2028 तक 5 लाख करोड़ रुपए से दोगुना होकर 10 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा, जो इसमें उल्लिखित दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में पहला मध्यावधि लक्ष्य है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-presented-budget-in-assembly